ont>

Title:Need to improve the irrigation facilities in Western Singbhum and Saraikela Kharsawa districts of Jharkhand. – Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम): अध्यक्ष महोदय, आजादी के 55 साल के बाद भी मेरे संसदीय क्षेत्र के दो जिले पश्चिम सिंहभूम एवं सराय केला खरसावा की 96 प्रतिशत खेती बरसात पर निर्भर है। यहां के लोग आदिवासी हैं, जहां पर अत्यंत ही गरीबी है। यहां पर केवल 4 प्रतिशत भूमि है। तालाब और कुंओं से आदिवासी लोग खेत सींचते हैं। अगर बरसात ठीक तरह से हो गई तो ठीक है, अगर बरसात नहीं हुई तो यहां के आदिवासी लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ता है। यहां पर जलाशय की कई योजनाएं बनाई गई हैं। इन योजनाओं का निर्माण कार्य बहुत साल से चल रहा है परन्तु अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। "जल छाजन योजना" के तहत जल संचयन की योजना भी आवश्यकतानुसार नहीं बनायी गयी है। तालाब और कुएं आवश्यकता के हिसाब से भी कम हैं।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम के जिले पश्चिम सिंहभूम एवं सराय केला खरसावा में सिंचाई कार्य की समीक्षा करवाएं।